भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3008

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कें

3008. श्री एस॰ मुनिस्वामीः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कर्नाटक में कोलार सहित देश में विकास और दोहरीकरण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अंतर्गत और सड़कों को शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रयोजन हेतु विचाराधीन सड़कों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्यों को पूरा करने हेतु क्या समय सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): भारत सरकार ने पूरे देश में कर्नाटक राज्य सहित लगभग 34,800 किमी (शेष एनएचडीपी खंडों की 10,000 किमी लंबाई सहित) कुल लंबाई के आर्थिक गलियारों, अंतर गलियारों, फीडर मार्गों, राष्ट्रीय गलियारों, सीमा सड़कों, अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों, तटीय सड़कों, पत्तन संपर्कता सड़कों और एक्सप्रेस मार्गों के विकास के लिए अक्टूबर, 2017 में 5,35,000.00 करोड़ रु. के अनुमानित परिव्यय से भारतमाला परियोजना चरण-1 को मंजूरी दी थी। भारतमाला परियोजना चरण-I को पूरा करने की निर्धारित अवधि पांच वर्षों की है। भारतमाला परियोजना के तहत कर्नाटक के कोलार जिले में विकास के लिए निम्नलिखित परियोजना खंडों की परिकल्पना की गई है :

क्र. सं.	**परियोजना खंडों का नाम**	**कोलार जिले में लंबाई (किमी)**
(i)	मलुर तालुक के गंगापुरा से शुरू होकर कोलार जिले से होकर गुजरने वाला तथा एनजी हलकुर बंगारपेट तालुक में समाप्त होने वाला बैंगलोर - चेन्नई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस मार्ग	59.318
(ii)	संपांगेरे गांव से शुरू होकर कोलार जिले से होकर गुजरने वाली और दोमलुरुगांव में समाप्त होने वाली रारा-648 के तमिलनाडु / कर्नाटक सीमा - होसकोटे खंड तक ग्रीनफील्ड परियोजना	8.6

उपर्युक्त परियोजना खंडों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट / व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य शुरू किया गया है।

*****